# पी. मुरलीधर राव
**राष्ट्रीय महामंत्री**


दिनांक : 11 जून, 2015

मान्यवर,

सादर नमस्कार!

केन्द्र सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर आपने अपने प्रान्त में सरकार की उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने हेतु भारतीय जनता पार्टी की केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा नियोजित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया होगा। तत्पश्चात पूर्व नियोजित महासम्पर्क अभियान को गति देने के लिए सम्पूर्ण प्रान्त में सक्रियता के साथ लगे होंगे।

त्रिस्तरीय सदस्यता अभियान के प्रथम चरण में ऐतिहासिक 10 करोड़ की सदस्यता का लक्ष्य प्राप्त करने के उपरान्त महासम्पर्क अभियान तथा अत में देश भर में पंजीकृत 15 लाख सक्रिय सदस्यों को चार स्तरों (मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय) पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा रही है। राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रशिक्षण महाअभियान को सफल बनाने हेतु इसके नियोजन एवं क्रियान्वयन हेतु जो समिति गठित की गई है उसने प्रशिक्षण अभियान के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार विमर्श करते हुए कार्य योजना का प्रारूप राष्ट्रीय अध्यक्ष  के मार्गदर्शन म बनाया है। जिसके संदर्भ में गत 3 मार्च को मेरी ओर से आपको एक सूचना पत्रक भी भेजा गया था।

प्रशिक्षण से संबंधित जानकारियां निम्नवत हैंः

**1. <u>प्रशिक्षण के विषय</u> :**

**I. मंडल स्तरीय वर्ग में होने वाले विषय**

– भाजपाः इतिहास और विकास
– सैद्धांतिक अधिष्ठान
– हमारा विचार परिवार
– सरकारों की उपलब्धियां
– स्थानीय विषय

**II. जिला स्तरीय**

- पार्टी इतिहास एवम् विकास (जनसंघ से भाजपा)
- सैद्धांतिक अधिष्ठान
- सरकार की उपलब्धियां
- हमारा विचार परिवार
- पार्टी कार्यपद्धति और पार्टी संगठन–संरचना
- एकात्म मानवदर्शन
- सांस्कृतिक राष्ट्रवाद
- कार्यकर्ता/व्यक्तित्व विकास
- मीडिया प्रबंधन
- सोशल मीडिया
- प्रदेश के अनुसार (दो विषय)
- देश के सम्मुख चुनौतियां

III. **प्रांत स्तरीय वर्ग के विषय :**

- पार्टी इतिहास एवम् विकास (जनसंघ से भाजपा)
- सैद्धांतिक अधिष्ठान
- सरकार की उपलब्धियां
- हमारा विचार परिवार
- आर्थिक प्रबंधन
- कार्यपद्धति–संगठन संरचना
- कार्यकर्ता
- एकात्म मानववाद – अर्थायाम
- सहाकरिता आंदोलन
- सहकारिता आंदोलन
- सामाजिक समरसता
- विदेश नीति
- सांस्कृतिक राष्ट्रवाद
- सुशासन
- सरकार और संगठन–समन्वय
- राष्ट्र के सम्मुख–चुनौतियां

**2. <u>प्रशिक्षण वर्ग की कालावधि</u>**

I. मंडल स्तरीय वर्ग (कालावधि दो दिन)
यह वर्ग पहले दिन 4 बजे शुरू होगा और दूसरे दिन शाम 4.45 बजे समाप्त होगा।

II. जिला स्तरीय वर्ग : (कालावधि – 2 रात तीन दिन)

III. प्रांत स्तरीय : (कालावधि–तीन रात चार दिन)

**3. <u>शिक्षार्थियों का चयन</u>**

**मंडल :**

- सभी सक्रिय सदस्य (100 सदस्य बनाने वाले) इस वर्ग में अपेक्षित हैं।
- पार्टी के विस्तार एवं उपयोगिता को आधार मानते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्र एवं श्रेणियों में प्रतिष्ठा प्राप्त ऐसे महानुभाव जो कि भाजपा के सदस्य हैं उन्हें सक्रिय सदस्य न होने के बावजूद भी सम्मिलित किया जाय।
- मंडल स्तर पर होने वाले वर्ग में प्रतिभागी कुल संख्या 10 प्रतिशत प्रतिष्ठित (Eminent Persons) को अनुमति देनी चाहिए।
- सर्वस्पर्शी कार्य को ध्यान में रखते हुए महिला, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के वर्गों से आये प्रतिनिधि भी ठीक अनुपात में वर्ग के प्रतिभागी रहें।
- नगरीय ईकाई (पार्षद, वार्ड अध्यक्ष) ग्रामीण स्तर पर सरपंच, वार्डपंच तथा जनप्रतिनिधि भी इसमें शामिल किये जायें।
- कुछ अपवाद छोड़ कर जैसे प्रतिष्ठित नागरिक (Eminent Persons) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं महिला, मंडल स्तर पर होने वाले वर्ग में सक्रिय सदस्यता ये अनिवार्यतः होने चाहिए।
- अधिकत्तम संख्या वर्ग की 150 रहें। संख्या अधिक होने पर दो या उससे अधिक वर्ग किये जा सकते हैं।

**जिला**

- जिसमें वर्तमान जिला कार्यकारिणी के सदस्य, मंडल कोर ग्रुप के सदस्य जनप्रतिनिधि जो जिला स्तर के स्थायनी ईकाई (जिला परिषद) सहकारिता निकाय के चुने हुए प्रतिनिधि। उस जिले के अन्तर्गत आने वाले विधायक, भूतपूर्व विधायक ये सब मिला कर वर्ग की कुल संख्या में 40 प्रतिशत रहें।
- अन्य में, मंडल स्तर पर आयोजित वर्गों में सम्मिलित प्रतिनिधियों का चयन किया जाये।

- जिला स्तर पर सामाजिक जीवन, अन्य क्षेत्र तथा सामान्य श्रेणियों में प्रतिष्ठित व्यक्ति जो भाजपा की सदस्यता ग्रहण किये हुए हैं वे भाजपा के सक्रिय सदस्य न होने पर भी 10 प्रतिशत लोगों को अनुमति दी जाय।
- संगठन के सर्वस्पर्शी कार्य को ध्यान में रखते हुए महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के उस स्तर के प्रतिनिधि भी ठीक अनुपात में वर्ग के प्रतिभागी रहे।
- अधिकत्तम संख्या वर्ग की 150 रहें। संख्या अधिक होने पर दो या उससे अधिक वर्ग किये जा सकते हैं।

**प्रान्त**

- प्रदेश स्तर के वर्ग में पार्टी से नये जुड़े सक्रिय सदस्य जो जिला स्तर के वर्ग में भाग लिये हुए 50 प्रतिशत सक्रिय सदस्य।
- सांसद, भूतपूर्व सांसद (मेयर, निगम चेयरमैन), मंत्री परिषद के सदस्य, भूतपूर्व मंत्री, दूसरी पार्टियों से पिछले 5 वर्षों में पार्टी में शामिल प्रदेश स्तर के लोग।
- वर्तमान प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य
- वर्तमान प्रकोष्ठ संयोजक
- निवर्तमान प्रकोष्ठ संयोजक
- निवर्तमान प्रदेश पदाधिकारी
- निवर्तमान मोर्चा अध्यक्ष
- समाज के प्रदेश स्तर पर अलग–अलग क्षेत्र में, श्रेणियों में प्रतिष्ठित लोग सक्रिय सदस्य न होने पर भी तथा महिला, अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति श्रेणी के लोगों की संख्या भी आवश्यकता अनुसार संख्या वर्ग में रहनी चाहिए।
- प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले वर्ग की अधिकतम संख्या 150 रहें। संख्या अधिक होने पर दो या उससे अधिक वर्ग किये जा सकते हैं।

**4. <u>वर्ग के शुल्क :</u>**

मंडल : 50 रूपए
जिला : 200 रूपए
प्रांत : 250 रूपए

मंडल, जिला एवं प्रदेश स्तर पर होने वाले वर्गों में एक सत्र प्रान्त की योजनानुसार तय किया जाना चाहिए। ऐसे में अपेक्षा है कि इस संदर्भ में विषय शीघ्र तय करके प्रारूप पत्र बनाकर केन्द्र को यथाशीघ्र भेजें ताकि केन्द्र से उन कार्यशालाओं में आने वाले अधिकारियों के बारे में सुनिश्चित किया जा सके।

हर स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण वर्गों के स्थान, तिथि एवं अपेक्षित शिक्षार्थियों की सूची बना कर राष्ट्रोय कार्यशाला में अवश्य ले आयें। साथ ही हर स्तर के प्रशिक्षकों की सूची एवं जिला व प्रांत स्तर पर होने वाले प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण वर्ग (Trainer's Training) के स्थान एवं तिथि की सूची साथ में लाएं। राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन दिल्ली में दिनांक 30 जून की सायंकाल 5.00 बजे से 2 जुलाई, 2015 दोपहर तक निर्धारित है। कार्यशाला में सभी प्रदेशों के प्रशिक्षण समिति के प्रमुख, सह–प्रमुख एवं सदस्य सभी लोग अपेक्षित हैं। अन्य अपेक्षित सहभागियों की सूचना एवं स्थान के बारे में आपको पत्रक द्वारा सूचित किया जायेगा।

भवदीय,

**(पी. मुरलीधर राव)**